दिनांकः- 03.02.2021

# महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

## थाना पनवाडी पुलिस टीम ने जुआ खेलते 05 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, अभियुक्तों से बरामद 03 मोटर साइकिल की गयी सीज...।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के.गौतम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड श्री राम प्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे अवैध जुआ/शराब के विरुद्ध धरपकड अभियान के क्रम में दिनांक 02.02.2021 को थाना पनवाडी प्रभारी निरीक्षक श्री विनोद कुमार यादव द्वारा गठित की गयी टीम के द्वारा सूचना मिलने पर कार्यवाही करते हुये ग्राम सिमरिया बाबू तालाब के पास से 05 जुआरी मय मालफड़ 7420 रु0 व जामा तलाशी 410 रु0 व 52 अदद ताश के पत्ते के साथ गिरफ्तार किया गया जिस पर अभियुक्तों के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. 26/2021 धारा 13G ACT पंजीकृत कराया गया एवं मौके पर अभियुक्गणों के कब्जे से बरामदा 3 अदद मोटरसाइकिलें जिनके कागजात तलब करने पर कोई कागजात न हाने पर तीन मोटर साइकिल बरामद कर अन्तर्गत धारा 207 MV ACT की कार्यवाही की गयी।

### गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः-

1. कृष्ण कुमार पुत्र चन्द्रभान राजपूत उम्र 32 वर्ष निवासी जखा थाना पनवाडी महोबा।
2. मंशूर अली पुत्र शकूर अली उम्र 35 वर्ष निवासी जखा थाना पनवाडी महोबा।
3. उदयभान पुत्र धनीराम ढीमर उम्र 33 वर्ष निवासी जखा थाना पनवाडी महोबा।
4. भूपेन्द्र पुत्र बालादीन राजपूत उम्र 32 वर्ष निवासी बुड़ेरा थाना पनवाड़ी महोबा।
5. प्रेमपाल उर्फ स्वामी राजपूत पुत्र कुंवरपाल राजपूत उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम मसूदपुरा थाना पनवाडी महोबा।

### गिरफ्तार करने वाली टीम – थाना पनवाडी...।

1. व0उ0नि0 अनुरुद्ध प्रताप सिंह 2. उ0नि0 शेरे आलम खां
3. का0 अभिषेक यादव 4. का0 मनीष कुमार 5. का0 रंजीत सिंह 6. का0 प्रवीन कुमार।

### बरामदगी –

1. मालफड़ व जामा तलाशी से बरामद कुल 7830 रुपये।
2. वाहन सीज अन्तर्गत धारा 207 MV ACT

01. मो.सा.नम्बर UP 95 N 8656 बजाज सीटी 100 लालरंग।
02. मो.सा. नम्बर UP 95 P 7380 हीरो पेशनप्रो लाल रंग।
03.मो.साइकिल बजाज प्लेटना रंग काला बिना नम्बर चेचिस नम्बर MD2DDDZZZNWE53282



@mahobapolice SP Mahoba 7839857330

दिनांकः- 03.02.2021

# महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

## थाना कुलपहाड पुलिस ने वांछित अभियुक्त किये गिरफ्तार...।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के.गौतम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड श्री राम प्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में आज दिनांक 03.02.2021 को थाना कुलपहाड प्र0नि0 रविन्द्र कुमार तिवारी द्वारा गठित टीम जिसमें उ0नि0 श्री सचिन कुमार ने मय हमराही गण की मदद से थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 **26**/2021 धारा 498**A**/323/308 भादवि व 3/4 **DP ACT** के दो नफर वाछिंत अभियुक्त क्रमशः (1) असित साहू पुत्र राकेश साहू उम्र करीब 28 वर्ष (2) आशीष साहू पुत्र राकेश साहू उम्र करीब 22 वर्ष को मुखबिर की सूचना पर बस स्टैण्ड कुलपहाड से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्तो का विवरणः-

(1) असित साहू पुत्र राकेश साहू उम्र करीब 28 वर्ष।

(2) आशीष साहू पुत्र राकेश साहू उम्र करीब 22 वर्ष।

निवासीगण मोहल्ला टौरियापुरा कस्बा व थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-

1. उ0नि0 सचिन कुमार
2. कां0 सौरभ कुमार 3. कां0 देवेन्द्र राजपूत।



## क्षेत्राधिकारी कुलपहाड द्वारा थाना कुलपहाड का किया गया त्रैमासिक निरीक्षण

आज दिनाँक 03.02.2021 को क्षेत्राधिकारी कुलपहाड श्री राम प्रवेश राय द्वारा थाना कुलपहाड का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया । सर्वप्रथम गार्द द्वारा सलामी दी गई । तत्पश्चात थाना कुलपहाड के समस्त अधिकारी/कर्मचारियों के साथ सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्राधिकारी द्वारा सभी से उनकी समस्याओं के सम्बन्ध में चर्चा की गयी व उनके निराकरण हेतु निर्देशित किया । इसके बाद क्षेत्राधिकारी द्वारा कार्यालय के अभिलेखों का रख-रखाव, सीसीटीएनएस कार्यालय, मालखाना, शस्त्रों का निरीक्षण तथा रख-रखाव, हवालात की साफ-सफाई, मैस, बैरक, शौचालय आदि का निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । क्षेत्राधिकारी द्वारा थाना परिसर की साफ-सफाई का निरीक्षण कर स्वच्छता बनाये रखने के निर्देश दिये गये । थाना क्षेत्र के अपराधों की समीक्षा कर लंबित विवेचनाओं, प्रार्थना पत्रों पर प्रभावी कार्यवाही कर उनके निस्तारण के निर्देश दिये गये । क्षेत्र में प्रभावी पैदल गस्त व सतर्क दृष्टि बनाये रखने के निर्देश दिये गये ।

इसी क्रम में आगामी ग्राम पंचायत चुनाव के मद्देनजर प्र0नि0 कुलपहाड को थाना क्षेत्र के ग्राम प्रहरियों/गांव के पूर्व व वर्तमान प्रधान के साथ संवाद बनाये रखने के साथ-साथ असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने के दृष्टिगत ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रभावी गस्त करने हेतु निर्देशित किया गया ।

निरीक्षण के दौरान प्र0नि0 थाना कुलपहाड श्री रविन्द्र कुमार तिवारी, व0उ0नि0 सुनील तिवारी, चौकी प्रभारी बेलाताल अनमोल सिंह व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे ।











## "मिशन शक्ति" अभियान- चुप्पी तोडो...खुलकर बोलो...।

आज दिनाँक 03.02.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में जनपद में संचालित हो रहे **"मिशन शक्ति"** महाभियान कार्यक्रम के तहत नोडल अधिकारी मिशन शक्ति निरीक्षक श्रीमती रचना सिंह ने मय टीम के साथ अटल ज्योति इण्टर कालेज, जैतपुर महोबा में स्कूल के प्रधानाचार्य श्री महेश तिवारी जी की उपस्थिति में स्कूली छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। जिसमें निरीक्षक **रचना सिहं ने कहा कि सभी छात्रायें अपने अधिकारों के प्रति सजग और जागरुक रहें आज के समय में छात्रायें किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है आप अपनी शक्ति को पहचाने इसी क्रम में कहा कि स्कूल आते जाने समय हमेशा सतर्क रहें और रास्ते में यदि कोई आपका पीछा करता है या कोई अपशब्द/अश्लील बातें या फब्तियां कसता है तो आप सभी को अपने सम्मान, अपनी सुरक्षा व स्वावलंबन के प्रति जागरुक होकर तत्काल असामाजिक तत्वों के विरुद्ध हेल्पलाइन नम्बरों- 112, 1090, 1076 या अपने नजदीकी पुलिस थाने को सूचना दें या फिर पुलिस के ट्वीटर हैंडल @Uppolice @mahobapolice का भी प्रयोग कर शिकायत दर्ज** कराते हुये शोहदों को उनका सबक सिखायें इसी क्रम में सभी को जनपद के प्रमुख अधिकारियों के सीयूजी नंबरो के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्हे साइबर अपराध एवं महिला कानूनो की भी जानकारी दी देते हुये सभी को मिशनशक्ति जागरुकता पम्पलेट्स का वितरण भी किया गया।








## थाना कुलपहाड पुलिस टीम ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तारः-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के.गौतम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड श्री राम प्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में आज दिनांक 03.02.2021 को थाना कुलपहाड प्र0नि0 रविन्द्र कुमार तिवारी द्वारा गठित टीम जिसमें उ0नि0 महेन्द्र प्रताप सिंह ने मय हमराह कर्मचारी की मदद से मु0नं0 59/2018, अ0सं0 297/2016 धारा 60 आबकारी अधि0 व 272/504/506 भा0द0वि0 सम्बन्धित माननीय न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट कुलपहाड़, जनपद – महोबा से सम्बन्धित एक नफर वारण्टी अभियुक्त (1) अजय कबूतरा पुत्र राजेन्द्र कबूतरा उम्र करीब 24 वर्ष को मुढ़ारी कबूतरा डेरा थाना कुलपहाड़ से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के लिये भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-


अजय कबूतरा पुत्र राजेन्द्र कबूतरा उम्र करीब 24 वर्ष निवासी रेलवे स्टेशन रोड कबूतरा डेरा मुढ़ारी थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-

1. उ महेन्द्र प्रताप सिंह 0नि0
2. कांसंदीप मौर्या 0



## अजनर पुलिस द्वारा 10 लीटर अवैध शराब सहित अभियुक्त को किया गिरफ्तार



आज दिनाँक 03.02.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव महोदय के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अवैध शराब की बरादमगी अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक श्री श्यामप्रताप पटेल द्वारा गठित टीम ने कबूतरा डेरा ग्राम सीगोन से अभियुक्त राजू पुत्र करन सिंह उम्र 32 वर्ष, निवासी कबूतरा डेरा ग्राम सीगोन थाना अजनर जनपद महोबा को गिरफ्तार किया गया । **जिसके कब्जे से 01 अदद प्लास्टिक की पिपिया में 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गयी ।** जिसके विरुद्ध थाना हाजा पर **मु.अ.सं. 18/2021 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत** कर विधिक कार्यवाही की गई।

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:-

राजू पुत्र करन सिंह उम्र 32 वर्ष, निवासी कबूतरा डेरा ग्राम सीगोन थाना अजनर जनपद महोबा।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण:-

1. उ0नि0 श्री राजेश कुमार प्रजापति चौकी प्रभारी धवर्रा
2. हे.का. राजकुमार

## चरखारी पुलिस द्वारा 10 लीटर अवैध शराब सहित अभियुक्त को किया गिरफ्तार



आज दिनाँक 03.02.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव महोदय के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अवैध शराब की बरादमगी अभियान के तहत थाना प्रभारी चरखारी श्री लाखन सिंह द्वारा गठित टीम ने ग्राम अस्थौन तिगैला से अभियुक्त सुन्दर अनुरागी पुत्र मौजी लाल उम्र करीब 55 वर्ष, नि0ग्राम अकठौहा थाना चरखारी जनपद महोबा को गिरफ्तार कर **कब्जे से 01 प्लास्टिक के डिब्बे में 10 लीटर कच्ची नाजायज शराब बरामद की गई ।** अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर **मु0अ0सं0 35/21 धारा 60 Ex. ACT का अभियोग पंजीकृत** कर विधिक कार्यवाही की गई।

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

सुन्दर अनुरागी पुत्र मौजी लाल उम्र करीब 55 वर्ष, नि0ग्राम अकठौहा थाना चरखारी जनपद महोबा ।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-

1. उ.नि. मोबीन अली
2. का. योगेन्द्र सिंह

## क्षेत्राधिकारी नगर/कुलपहाड़ द्वारा पैदल गस्त करके मुख्य बाजार के अतिक्रमण को हटवाया गया



आज दिनाँक 03.02.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर श्री कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रामप्रवेश राय द्वारा मय पुलिस बल के मुख्य बाजार में पैदल गस्त करके रोड़ पर अतिक्रमण को हटवाया गया एवं संदिग्धों की चेकिंग की गई। व्यापारियों/दुकानदारों से वार्ता कर सभी से दुकान के अन्दर व बाहर तथा मुख्य चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने की अपील की गई। इसके साथ ही जनपदीय पुलिस द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में पैदल गस्त बस-स्टैण्ड, होटल, ढाबा, मुख्य बाजार,धार्मिक-स्थलों आदि की संघन चेकिंग की गई एवं चार-पहिया, दो-पहिया वाहनों की सघन चेकिंग की गई।







# यातायात पुलिस टीम द्वारा गाड़ियों में लगाये गये रिफ्लेक्टर टेप एवं चालको को नशा-मुक्त रहने की दिलाई गई शपथ



आज दिनाँक 03.02.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में यातायात पुलिस महोबा द्वारा **दिनाँक 21.01.2021 से 20.02.2021** तक चलने वाले **"राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह"** के तहत प्रभारी यातायात उ0नि0 अरविन्द मिश्रा मय टीम द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अन्तर्गत मंडी समिति जनपद महोबा में कमर्शियल वाहन के चालकों को एकत्र कर यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी गई तथा जागरुकता हेतु पम्पलेट वितरित किए गए। ट्रैक्टर व अन्य मालवाहक वाहनों में रिफ्लेक्टर टेप लगाया गया ताकि दुर्घटना को रोका जा सके। सभी वाहन चालको को वाहन चलाते समय शराब व अन्य मादक पदार्थों का सेवन नही करने की अपील की गई। **कोविड-19** का पालन कराये जाने तथा यातायात नियमो का उल्लंघन करने पर **53 व्यक्तियों से 7700/-रू0** जुर्माना व **59 ई-चालान किये गये।**








दिनांक 03.02.2021
राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह
महोबा पुलिस
GOOD MORNING MAHOBA
पुलिस ने `गुड मॉर्निंग महोबा`
कह लोगो का अभिवादन किया और क्षेत्र में
र्निंग क कर रहे लोगों से बात की व
नकी स स्याओं के बारे में पूछा गया।
'गुड मॉनि महोबा' कार्यक्रम पुलिस और
नागरिकों बीच संवाद की कमी को दूर
करने का अच्छा माध्यम बन रह
सोशल मीडिया सेल

## महोबकंठ पुलिस द्वारा 10 पेटी में कुल 450 अदद क्वार्टर देशी अवैध नकली शराब सहित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

आज दिनांक 03.02.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरूण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्दशन में चलाये जा रहे अवैध शराब बरामदगी की धर पकड़ अभियान के तहत थानाध्यक्ष महोबकंठ श्री दिनेश सिंह द्वारा गठित टीम ने अभियुक्त हद्रेश चौबे पुत्र प्रेमनारायण चौबे उम्र करीब 19 वर्ष निवासी ग्राम चमर्रा महोबकंठ महोबा के कब्जे से **10 पेटी में कुल 450 अदद क्वार्टर देशी अवैध नकली शराब** बरामद कर थाना स्थानीय पर **अभियुक्त विरूद्ध मु0अ0सं0 12/2021 धारा 60(क)आबकारी अधि0** पर पंजीकृत किया गया।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण- .

1.श्री दशरथ सिंह

2.कां. शिवनारायण

3.म.कां. आरती यादव

**माल बरामदगी-** 10 पेटी में कुल 450 अदद क्वार्टर देशी अवैध नकली शराब बरामद होना।

## अभियुक्त का नाम व पता—

हद्रेश चौबे पुत्र प्रेमनारायण चौबे उम्र करीब 19 वर्ष निवासी ग्राम चमर्रा महोबकंठ महोबा

